## संपादकीय

# सिर पर झूलती मौत

फरीदाबाद जिले के लगभग डेढ़ दर्जन स्कूलों के ऊपर से गुजरती हाईटेंशन तारें हजारों बच्चों के लिए जानलेवा बने हुए हैं। जिन्हें हटाया जाना अत्यंत आवश्यक है। प्रतिदिन जब बच्चे स्कूल जाते हैं तो इन तारों से करंट लगने का खौफ लगातार बना रहता है। मगर बिजली व्यवस्था के लिये जिम्मेदार संस्थाओं को बच्चों की जिंदगी के लिए कोई खतरा नहीं दिख रहा है। अभिभावकों के लगातार शिकायत के बावजूद स्थिति यथावत बनी हुई है। हमेशा यही जवाब दिया जाता है कि बिजली विभाग शीघ्र ही तारों को हटा देगा। इनमें से अधिकतर तारें 66 केवीलाइन की हैं, जिनमें 66 हजार वोल्ट का करंट प्रवाहित होती है। जबकि 11000 वोल्ट की लाइन हाईटेंशन की कैटेगरी में आ जाती है। कई बार बच्चे इन तारों के खंभों के पास खेलते हुए पाए जाते हैं और यह हाईटेंशन तारें इंसुलेटेड नहीं हैं और न ही इनके नीचे कोई जाल या कोई सुरक्षात्मक लाइन लगाई गई है। ऐसी करीब 1 किलोमीटर लंबी लाइन को कवर करने के लिए लगभग 2 करोड़ रुपये का खर्चा आता है। विद्युत नियामक मानकों ने स्पष्ट कहा है कि किसी भी भवन के क्षैतिज और लंबवत दूरी में इस तरह की कोई भी खतरनाक तारों की श्रृंखला नहीं जानी चाहिए।

सरकारी नियमों के हिसाब से किसी बस्ती के आसपास या केंद्र में ऐसी हाइटेंशन लाइन नहीं जा सकती। हकीकत यह है कि पूरे देश में ऐसे खतरनाक तार लोगों की छतों, व्यावसायिक केंद्रों और आवासीय भवनों के ऊपर से गुजर रहे हैं। खासतौर से छोटे शहरों में कानून के साथ खिलवाड़ सामान्य बात है। कई मामलों में स्कूल और लोग उन तारों को शिफ्ट करने के लिए पैसा भी देने को तैयार हैं परंतु विद्युत दुर्घटनाओं के बावजूद संस्थाओं ने अभी तक इसको गंभीरता से नहीं लिया है। यह बेहद खतरनाक स्थिति है। समझ में नहीं आता कि इस तरह की समस्याओं को कैसे रोका जाएगा, क्योंकि संस्थाओं की संवेदनशीलता लोगों को लेकर लगभग नगण्य है।

# नीरव मोदी के बाद माल्या पर कसता शिकंजा, अदालत ने दिया ये आदेश



नई दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने फेरा उल्लंघन से संबंधित एक मामले में शराब कारोबारी विजय माल्या की बेंगलुरू में स्थित संपत्तियों को कुर्क करने का आदेश दिया है. बेंगलुरू पुलिस ने प्रवर्तन निदेशालय के विशेष लोक अभियोजक एन के मत्ता और वकील संवेदना वर्मा के जरिए इस संबंध में अदालत के पहले के आदेश को लागू करने के लिए और समय मांगा था. इसके बाद मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट दीपक शेरावत ने ताजा निर्देश जारी किए.

अदालत ने राज्य पुलिस को 10 जुलाई तक संपत्तियां कुर्क करने के निर्देश दिए. उसी दिन मामले पर अगली सुनवाई होगी.इससे पहले बेंगलुरू पुलिस ने अदालत को सूचित किया था कि उसने माल्या की 159 संपत्तियों की पहचान की है, लेकिन वह इनमें से किसी को भी कुर्क नहीं कर पाई. अदालत ने मामले में गत वर्ष चार जनवरी को माल्या को भगोड़ा अपराधी करार दिया था.अदालत ने पिछले साल आठ मई को बेंगलुरू पुलिस आयुक्त के जरिए मामले में माल्या की संपत्तियां कुर्क करने का निर्देश दिया था और इस पर रिपोर्ट मांगी थी. उसने शराब कारोबारी के खिलाफ 12 अप्रैल 2017 को बेमियादी गैर जमानती वारंट जारी किया था.गैर जमानती वारंट के विपरीत बेमियादी गैर जमानती वारंट में उसे लागू करने की कोई समयसीमा नहीं होती.

# वित्त वर्ष 2012 से लेकर 2018 तक 2 करोड़ लोग हुए बेरोजगार : एनएसएसओ



नई दिल्ली ,23 मार्च (आरएनएस)। राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण कार्यालय (एनएसएसओ) की रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2011-12 से लेकर वित्त वर्ष 2017-18 के दौरान पांच साल में देश में पुरुष कार्यबल में करीब दो करोड़ की कमी आई। एनएसएस की इस रिपोर्ट को हाल ही में सरकार ने दबा दिया। एनएसएसओ की आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) रिपोर्ट 2017-18 की समीक्षा में बताया गया है कि वर्ष 2017-18 के दौरान सिर्फ 28.6 करोड़ पुरुष देश में रोजगार में थे जबकि 2011-12 में 30.4 करोड़ पुरुष रोजगार में थे। यह समीक्षा अभी सार्वजनिक नहीं हुई है। भारत का पुरुष कार्यबल 1993-94 में 21.9 करोड़ था, जिसके बाद पहली बार इसमें कमी दर्ज की गई है। पुरुष कार्यबल 2011-12 दौरान बढ़कर 30.4 करोड़ हो गया जबकि 2017-18 में घटकर 28.6 करोड़ रह गया। पीएलएफएस की रिपोर्ट जुलाई 2017 से लेकर जून 2018 के बीच तैयार की गई।

# जेट एयरवेज ने 13 अंतर्राष्ट्रीय मार्गों पर जाने वाली फ्लाइट्स रोकी



मुंबई ,23 मार्च (आरएनएस)। संकट से जूझ रही निजी क्षेत्र की एयरलाइन जेट एयरवेज ने अप्रैल के अंत तक 13 और अंतरराष्टीय मार्गों पर उड़ानें स्थगित करने की घोषणा की है। इसके अलावा सात अन्य अंतरराष्टीय मार्गों पर फेरों की संख्या घटाई गई है। इनमें ज्यादातर दिल्ली और मुंबई से अंतरराष्टीय गंतव्यों को जाने वाली उड़ानें हैं। जिन मार्गों पर उड़ानें अस्थायी तौर पर स्थगित की गई हैं उनमें पुणे-सिंगापुर (सप्ताह में सात) और पुणे-अबू धाबी (सप्ताह में सात) भी शामिल हैं। जेट पहले ही मुंबई-मैनचेस्टर मार्ग पर उड़ानें स्थगित करने की घोषणा कर चुकी है।

धन की कमी और किसी तरह के राहत पैकेज (बेलआउट) नहीं मिलने की वजह से नरेश गोयल के नियंत्रण वाली एयरलाइन अपने 600 दैनिक उड़ान परिचालन को घटाकर चौथाई स्तर पर ला चुकी है। उसके 119 विमानों के बेड़े में मात्र 33 प्रतिशत ही परिचालन में हैं। एयरलाइन ने दिल्ली से अबू धाबी (सप्ताह में नौ), दम्मास (सप्ताह में 14), ढाका (11), हांगकांग और रियाद (सप्ताह में सात-सात) स्थगित की हैं।

इसके अलावा जेट ने बेंगलुरु से सिंगापुर मार्ग पर भी उड़ानें स्थगित की हैं। इस मार्ग पर एयरलाइन रोजाना दो उड़ानों का परिचालन करती है। इस अवधि के लिए मुंबई से जो उड़ानें रद्द की गई हैं उनमें अबू धाबी (सप्ताह में 12), दम्माम (सप्ताह में 14) और बहरीन (4-7 साप्ताहिक)। सूत्रों ने बताया कि इन मार्गों पर उड़ानें 30 अप्रैल तक स्थगित रहेंगी।

# नीरव मोदी के शीघ्र प्रत्यर्पण की कोशिशें तेज : विदेश मंत्रालय



नई दिल्ली। भारत ने शुक्रवार को कहा कि वह भगोड़े हीरा कारोबारी नीरव मोदी के ब्रिटेन से शीघ्र प्रत्यर्पण के लिये काम कर रहा है। नीरव मोदी दो अरब डॉलर के पीएनबी घोटाला मामले में प्रमुख आरोपी है। लंदन में नीरव मोदी की गिरफ्तारी के कुछ दिन बाद भारत का यह बयान आया है। ब्रिटिश अधिकारियों ने 19 मार्च को लंदन में नीरव मोदी को गिरफ्तार किया था।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने यह भी कहा कि गिरफ्तारी में कोई भी देरी नहीं की गई और निश्चित प्रक्रियाओं को पूरा करने के बाद कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा, हमारी ओर से कोई देरी नहीं की गई। कुछ निश्चित प्रक्रियाएं हैं जो पूरी की जानी थी और उसके बाद ही उसकी गिरफ्तारी हुई है। उन्होंने कहा, भारत सरकार नीरव मोदी के शीघ्र प्रत्यर्पण को लेकर प्रतिबद्ध है।कुमार ने कहा कि ब्रिटेन की 'क्राउन प्रॉसेक्यूशन सर्विस ने भारत को 18 मार्च को बताया था कि 'वेस्ट मिंस्टर मजिस्ट्रेट अदालत के वरिष्ठ न्यायाधीश ने नीरव मोदी के खिलाफ वारंट जारी किया है। प्रवर्तन निदेशालय ने धन शोधन के एक मामले में नीरव मोदी के प्रत्यर्पण के लिये अनुरोध किया था जिसपर कार्रवाई करते हुए व्यापारी के खिलाफ गिरफ्तारी का वारंट जारी किया गया था। ब्रिटेन की एक अदालत ने बुधवार को नीरव मोदी को 29 मार्च तक हिरासत में भेजने का आदेश दिया था।

## फिंच के शतक के दम पर आस्ट्रेलिया ने 8 विकेट से जीत दर्ज की

शारजाह (आरएनएस)। कप्तान एरोन फिंच (116) के दमदार शतक की बदौलत आस्ट्रेलिया ने शुक्रवार रात यहां पांच वनडे मैचों की सीरीज के पहले मैच में पाकिस्तान को आठ विकेट से करारी शिकस्त दी। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान की टीम ने हैरिस सोहेल के नाबाद 101 रनों की बदौलत निर्धारित 50 ओवरों में पांच विकेट के नुकसान पर 280 रन बनाए।

# भारत की कंपनी श्रीलंका में करने जा रही सबसे बड़ा विदेशी निवेश

मुंबई। चीन ने गुरुवार को कहा कि श्रीलंका में भारत के बड़े निवेश को लेकर वह परेशान नहीं है और वह इतनी संकीर्ण सोच नहीं रखता है कि इसका विरोध करे. उल्लेखनीय है कि भारत के अकॉर्ड समूह और ओमान के तेल मंत्रालय ने मिलकर एक संयुक्त उद्यम के जरिये 3.85 अरब डॉलर के निवेश से श्रीलंका में रिफाइनरी लगाने की घोषणा की है. यहां स्थानीय मीडिया में श्रीलंका के विकास रणनीति और अंतरराष्ट्रीय व्यापार मंत्रालय के उप-मंत्री नलिन बांदरा के हवाले से कहा गया है कि ओमान के तेल मंत्रालय और भारत के अकॉर्ड समूह के स्वामित्व वाले सिंगापुर स्थित निवेश निकाय ने एक तेल रिफाइनरी लगाने पर सहमति जताई है. इसे श्रीलंका में अब तक का सबसे बड़ा विदेशी निवेश बताया जा रहा है.

## आज का राशिफल

मेषः- स्वभाव में उग्रता और जिद्दी व्यवहार पर नियंत्रण रखने की गणेशजी सलाह देते हैं। परिश्रम के बाद निर्धारित सफलता न मिलने से मन में खिन्नता हो सकती है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। यात्रा के लिए योग्य समय है। संतान के भविष्य की चिंता हो सकती है। किसी भी मामले में बिना विचारे कदम रखना हानिकारक हो सकता है। सरकारी कार्यों में सफलता मिलेगी।

वृषभः- आज आपकी कार्य सफलता में दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास की भूमिका होगी। पितृपक्ष की तरफ से लाभ होगा। विद्यार्थीगण पढ़ाई में रुचि बनाए रख सकेंगे।

मिथुनः- दिन की शुरुआत से ताजगी और स्फूर्ति का अनुभव करेंगे। भाग्यवृद्धि के अवसर आएंगे भाग्य 100 प्रतिशत आपका साथ देगा। तेजी से बदलते हुए विचार आपको लाभ दिलाएंगे।

कर्कः- आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। मन में थोड़ी हताशा के कारण खिन्नता अनुभव कर सकते हैं। परिवार में सदस्यों के साथ गलतफहमी या मनमुटाव न हो, ध्यान रखें।

सिंहः- आत्मविश्वास तथा त्वरित निर्णय लेकर कार्य में आगे बढ़ सकेंगे। समाज में मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यवहार में उग्रता तथा किसी के साथ अहं का टकराव होने की आशंका है।

कन्याः- आज का दिन मध्यम फलदायी होगा। शारीरिक और मानसिक चिंता से परेशान हो सकते हैं। किसी के साथ वाद-विवाद न हो, ध्यान रखें।

तुलाः- शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ और प्रफुल्लित रहेंगे। मित्रों के साथ मुलाकात, रमणीय स्थानों पर प्रवास पर्यटन का आयोजन होगा।

वृश्चिकः- आपका हर कार्य पूरा होगा। गृहस्थ जीवन में आनंद छाया रहेगा। मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। नौकरी-व्यवसाय में प्रगति होगी। उच्च अधिकारी और बुजुर्गों की तरफ से लाभ मिलेगा।

धनुः- आज स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम रहने की आशंका है। मानसिक रूप से चिंता और परेशानी बनी रह सकती है। व्यावसायिक रूप से विघ्न आ सकते हैं।

मकरः- आज का दिन मिश्रित फलदायी होगा। खान-पान पर ध्यान नहीं रखेंगे तो आज स्वास्थ्य खराब हो सकता है। व्यापार संबंधी कार्यों के पीछे धन खर्च हो सकता है।

कुंभः- भरपूर आत्मविश्वास और दृढ़ मनोबल के साथ आज का दिन गुजरेगा। विपरीत लिंगीय व्यक्ति यों के साथ परिचय और मित्रता होगी।

मीनः- घर में सुख-शांति और आनंद का वातावरण बना रहेगा। दैनिक कार्य आत्मविश्वास पूर्वक अच्छी तरह कर सकेंगे।

# बीएसएनएल ने क्रिकेट लवर्स के लिए पेश किए 2 नए प्लान



मुंबई। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल ) 2019 की शुरुआत आज से हो रही है. इस बीच लीग का आगाज होने से पहले ही सरकारी टेलीकॉम कंपनी बीएसएनएल ने कुछ प्रीपेड प्लान्स को पेश किया है. ये प्लान 199 रुपये और 499 रुपये की कीमत वाले हैं. इन नए प्लान्स में डेली डेटा बेनिफिट, अनलिमिटेड वॉयस कॉलिंग और ऑनगोइंग क्रिकेट मैच के लिए फ्री क्रिकेट स्कोर अलर्ट मिलेगा. 199 रुपये वाले प्लान में 28 दिनों की वैलिडिटी मिलेगी तो वहीं 499 रुपये वाले प्लान में 90 दिनों की वैलिडिटी मिलेगी. टेलीकॉमटॉक की रिपोर्ट के मुताबिक, इन दोनों प्लान्स में रोज 1जीबी डेटा मिलेगा, लेकिन इतना डेटा क्रिकेट लवर्स को निराश कर सकता है. क्योंकि इन प्लान्स को खासतौर पर क्रिकेट लवर्स के लिए उतारा गया है और जो यूजर्स क्रिकेट मैच की लाइव स्ट्रीमिंग देखना पसंद करेंगे उन्हें शायद मुश्किल हो सकती है. फिलहाल ये साफ नहीं है कि ये बीएसएनएल एक्स्ट्रा डेटा ऑफर के अंदर आता है या नहीं. ये दोनों ही प्लान्स 20 टेलीकॉम सर्किलों के लिए वैलिड है, जहां कंपनी अपनी सेवाएं देती है. बीएसएनएल के 199 रुपये वाले आईपीएल रिचार्ज की बात विस्तार से करें तो इसमें केवल होम सर्किल में अनलिमिटेड वॉयस कॉलिंग दी जाएगी. यानी दूसरे सर्किलों में ट्रैवल करने वाले यूजर्स को वॉयस कॉल्स के लिए स्टैंडर्ड रेट पर चार्ज किया जाएगा.

## साहा फिट और अच्छी लय में : लक्ष्मण



कोलकाता(आरएनएस) । सनराइजर्स हैदराबाद के मेंटॉर वीवीएस लक्ष्मण ने कंधे की चोट के कारण लंबे समय बाद क्रिकेट में वापसी करने करने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज रिद्धिमान साहा की जमकर तारीफ की है। लक्ष्मण ने संवाददाता सम्मेलन में कहा, साहा को वापस देखकर बहुत अच्छा लगा। उन्होंने वास्तव में अपनी फिटनेस पर कड़ी मेहनत की है। सैयद मुश्ताक अली में कुछ अच्छे प्रदर्शनों की वजह से वह अभ्यास मैचों में अच्छे लय में दिखाई दिए हैं। साहा ने पिछले सीजन क्वालीफायर-2 में टूटे अंगूठे के साथ बल्लेबाजी की थी।

# आईपीएल-12 : पहले मैच में बेंगलोर का सामना चेन्नई से



बेंगलुरू ,23 मार्च (आरएनएस)। विराट कोहली की कप्तानी वाली रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर आज से शुरू हो रही इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 12वें संस्करण के पहले मैच में महेंद्र सिंह धोनी की कप्तानी वाली मौजूदा चैम्पियन चेन्नई सुपर किंग्स के सामने यहां एमए चिदंबरम स्टेडियम में अपनी चुनौती पेश करेगी। धोनी भले ही भारतीय टीम के पूर्व कप्तान हों, लेकिन वह अपने प्रशंसकों के लिए किसी भगवान से कम नहीं हैं। घरेलू मैदान होने के चलते लीग का पहला मैच पूरी तरह से येल्लो नाइट होने की उम्मीद है।

जहां तक रिकॉर्ड की बात है तो बेंगलोर ने एमए चिदंबरम स्टेडियम में अब तक सात मैच खेले हैं जिसमें से छह में उसे हार मिली है। चेन्नई और बेंगलोर ने अब तक एक-दूसरे से कुल 22 मैच खेले हैं, जिसमें सात में ही बेंगलोर को जीत हासिल हुई है।

पिछले सीजन में दोनों टीमों ने अपना आखिरी मैच पुणे में खेला था, जहां चेन्नई ने बाजी मारी थी। बेंगलोर के लिए अच्छी खबर यह है कि उसके विस्फोटक बल्लेबाज अब्राहम डिविलियर्स फिट हैं। इसके अलावा उसके पास शिमरोन हेटमेयर भी है।

## आंवला मुरब्बा बनाने की विधि



**सामग्रीः**

आवला (1 किलो)
फिटकरी (5 ग्राम)
चीनी (1 कीलो)
पानी (1 कप)

**विधिः**

सबसे पहले आवला को अच्छे से धो लें.

फिर काटे वाले चम्मच या टूथपिक से आंवले के चारो तरफ छेद करें.

फिर उसमे ढेर सारा पानी और पिटकारी डाल कर उसे 8-10 घंटे के लिए ढक कर छोड़ दें.

फिर उसे फिटकिरी वाले पानी से निकाल ले और उसे 2-3 पानी से अच्छे दे धो लें.

अब उसे किसी बड़े बर्तन में ले ले और उसे चीनी और एक कप पानी डाल दें.

फिर उसे मिला दे और उसे 15-20 मिनट के लिए ढक कर छोड़ दें.

फिर उसे गैस पे रख दे और उसे मध्यम आंच पे 15-20 मिनट तक पकाये.

धीरे धीरे आप देखेंगे की हमारी चासनी गाढ़ी हो गयी है और मुरब्बे का रंग भी बदलने लगा है तब गैस को बंद कर दे और फिर उसे ढककर 12 घंटे के लिए छोड़ दें.

हमारी आंवले का मुरब्बा बनकर तैयार है.

## शब्द सामर्थ्य-13

**बाएं से दाएं**

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 12ए | ■ | 13 | | 14 | ■ | 15 |
| | ■ | 16 | | | ■ | 17 | | |
| 18 | 19 | | ■ | 20 | 21 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 22 | | | ■ | 23 | | | ■ | 24 |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 12 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | ■ | सिं | हा | स | न | ■ |
| ख | ■ | म | ज | दू | र | ■ | का | म |
| वा | द | क | ■ | र | ■ | सं | ब | ल |
| इ | ■ | ल | ज्जा | ■ | म | स्का | ■ | य |
| ■ | बा | ■ | ■ | बि | हा | र | ■ | ■ |
| सु | धा | क | र | ■ | न | ■ | ■ | औ |
| रं | ■ | म | ■ | कि | ता | ब | ■ | स |
| ग | ■ | अ | र | सा | ■ | हु | ज्ज | त |
| ■ | श | क्ल | ■ | न | मि | त | ■ | न |

## सू-दोकू-13

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | | | | 1 | | 3 | |
| 1 | | 9 | | | | 5 | | |
| | | | 3 | | | | 1 | |
| | | 5 | | | | | | 3 |
| 3 | | | | | 2 | | 5 | |
| | | | | 3 | | | | 2 |
| | 4 | | | | | | 7 | |
| 7 | | 8 | | 1 | | 6 | | |
| | 6 | | 7 | | 9 | | | 1 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र[ख] सकते है।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.12 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |